तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 3 सितंबर 2025



2 हड़ताली स्वास्थ्य कर्मियों ने निकाली बाइक रैली



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

# अब कलेक्शन एजेंट ऑनलाइन बुक स्पीड पोस्ट को करेंगे पहुंचाने का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

डाक विभाग के द्वारा अपने सिस्टम में कई तरह का बदलाव शासन स्तर से किया गया है, जिसके तहत ऑनलाइन बुक किए गए स्पीड पोस्ट को लोगों के घरों से डाक विभाग तक लाने एवं पहुंचाने का काम कलेक्शन एजेंटो के द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों में भी पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी डाक देने ही नही लेने के लिए भी लोगो के घरों तक जाएंगे। इस तरह की व्यवस्था शासन स्तर से बनाई गई है।

गौरतलब है कि डाक विभाग के द्वारा सोमवार 1 सितम्बर से ऑनलाइन संचालित सहित अन्य सेवाओ में कई तरह का बदलाव किया गया है, जिसके तहत अब लोगों के द्वारा ऑनलाइन बुक किए गए स्पीड पोस्ट सेवा को लोगों के घरो से लाकर डाक विभाग तक उसे पहुंचाने का काम कलेक्शन एजेंटो के माध्यम से किया जाएगा। वहीं डाक विभाग में पदस्थ डाकिया लोगों के घरों तक डाक पहुंचाने के साथ उसे लेने का काम भी करेगें। इस तरह की व्यवस्था डाक विभाग के द्वारा शासन स्तर से प्रारंभ की गई है। प्रधान डाकघर जांजगीर में करीब 4 हजार से भी अधिक लोगों के द्वारा अपने खाते खुलवाऐ गए है ताकि पोस्ट आफिस के माध्यम से पैसा जमा एवं आहरण किया जा सके। लोगों के डाक घर में चालू खाता, बचत खाता, फिक्स डिपाजिट, मनीआर्डर पत्र भेजना सहित अन्य विभिन्न कामकाज को लेकर बडी संख्या में लोग यहां आते है। वहीं सिस्टम में बदलाव होने के बाद लोगों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। डाक विभाग में पूरी प्रक्रिया एवं कामकाज का संचालन ऑनलाइन माध्यम से ही होता है। वहीं अब सिस्टम में बदलाव के चलते कई तरह की परेशानी आने वाले दिनों में हो सकती है।

## सितंबर की पहली तारीख से डाक विभाग के सिस्टम में बदलाव

### रजिस्ट्री एवं लाल बक्सा बंद

डाक विभाग में वर्षों से चली आ रही कई सिस्टम को बदल दिया गया है। इसी के तहत जहां रजिस्ट्री सेवा को बंद कर दिया गया है। वहीं पोस्ट आफिस के पास रखे गए लाल बक्सा को भी हटाने का काम किया जा रहा है। बताया जा रहा कि लोगों के घरो से डाक लेने का काम कलेक्शन एजेंट के माध्यम से किया जाएगा। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रो में भी डाक लेने एवं उसे लोगों के घरो तक पहुंचाने का काम कर्मचारियो के माध्यम से किया जाएगा। वहीं अब स्पीड पोस्ट करने वाले लोग घरो से ही बैठकर स्पीड पोस्ट आनलाइन करेंगें। वहीं इसकी सूचना डाक विभाग के पास आएगा, जिसके बाद कलेक्शन एजेंट स्पीड पोस्ट को विभाग तक लाने का काम करेगें। इसे लेकर डाक विभाग के द्वारा तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। आने वाले समय में इस तरह का बदलाव देखने को मिलेगा।



### किया गया बदलाव

डाक विभाग के द्वारा अपने सिस्टम में बदलाव किया गया है, जिसके अंतर्गत ऑनलाइन बुक स्पीड पोस्ट को लोगों के घरो से लाने का काम कलेक्शन एजेंट के माध्यम से किया जाएगा। वहीं रजिस्ट्री एवं लाल बक्सा को आदेश के अनुसार बंद किया जा रहा है।

**-राजेश स्वर्णकार,**
प्रभारी पोस्ट मास्टर
प्रधान डाकघर जांजगीर

## खबर संक्षेप

### सद्भावना भवन में मेगा हेल्थ कैंप आज

**मालखरौदा।** छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन 1 सितंबर से किया जा रहा है, जो 21 सितंबर तक चलेगा। प्रतिदिन अलग अलग एक्टिविटी करने हेतु कार्य योजना तैयार किया गया है। इसी तारतम्य में 3 सितंबर को सद्भावना भवन मालखरौदा में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ मृत्युंजय राठौर ने ज्यादा से ज्यादा लोगों से उपस्थित होकर इस स्वास्थ्य कैंप का लाभ उठाने अपील की है।

### पैगंबर हजरत मोहम्मद के पैदाइश दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर आज

**जांजगीर चांपा।** इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगंबर हजरत मोहम्मद के पंद्रह सौंवा पैदाइश दिवस 5 सितंबर शुक्रवार को उल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुस्लिम समाज नैला जांजगीर द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। तय कार्यक्रम के मुताबिक 3 सितंबर बुधवार को नैला स्थित मुस्लिम सामुदायिक भवन में युवकों द्वारा रक्तदान शिविर तथा स्वास्थ्य परीक्षण रखा गया है । रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले युवकों का सम्मान दोपहर 2 बजे पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के हाथों किया जावेगा। साथ ही इसी दिन शाम को बच्चों का नाथखानी का प्रोग्राम भी आयोजित है। 4 सितंबर गुरूवार को रात्री 8 बजे से आम लंगर व रात्री 10 बजे मस्जिद में तकरीर आयोजित है।

### अपात्र परिवारों की सूची जारी, दावा आपत्ति 4 तक

**सक्ती।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस 2018 की सूची में शामिल अपात्र परिवारों की सूची जारी की गई है। यह सूची ग्राम पंचायतों द्वारा आयोजित विशेष ग्रामसभाओं से अनुमोदन उपरांत जनपद पंचायतों के माध्यम से जिला पंचायत कार्यालय को प्राप्त हुई है। जिला पंचायत सीईओ से प्राप्त जानकारी अनुसार यदि उक्त अपात्र सूची में किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह संबंधित जनपद पंचायत में 4 सितम्बर को शाम 5 बजे तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। जिले के सभी जनपद पंचायतों, कार्यालय जिला पंचायत सक्ती के सूचना पटल तथा जिले की वेबसाइट पर उक्त अपात्र सूची का अवलोकन किया जा सकता है।

## धान की फसलों पर तनाछेदक का कहर

# पानी व खाद के बाद कीट व्याधि के प्रकोप ने बढ़ाई किसानों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

कृषि प्रधान जांजगीर-चांपा जिले के किसान पानी और खाद के बाद अब धान की फसलों पर कीट व्याधि के प्रकोप को लेकर भारी परेशान हो रहे है। वर्तमान में फसलों में तनाछेदक का प्रकोप देखा जा रहा है। ऐसे में खाद और पानी के बाद फसलों को बचाने दवा छिड़काव का काम भी हो रहा है और इन सबके चलते उत्पादन प्रभावित होने की भी चिंता सताने लगी है।

अबकि बार खरीफ की फसल लगाने वाले जिले के किसान शुरु से परेशान हो रहे है। शुरुआती दिनों में ही मौसम की बेरुखी और नहर में पर्याप्त पानी नहीं होने के कारण सिंचाई की समस्या होती रही तो इसके बाद खाद की किल्लत से किसान जूझते रहे। सोसायटियों में पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं होने के कारण कई जगहों पर डीएपी नहीं मिल पाया तो 267 रुपए के यूरिया को हजार रुपए में खरीदने की नौबत भी आई। इसके बाद अब रही सही कसर कीट व्याधि के प्रकोप ने निकाल दी है। किसानों के मुताबिक धान की पौधों में तनाछेदक का प्रकोप बढ़ गया है। यह पानी की कमी के नाम से ज्यादा हो रहा है। ऐसे में कीट नाशक दवाई छिड़काव का काम भी करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी बात किसानों को इसकी उचित सलाह देने वाला कोई नहीं है। विक्रेताओं के सुझाव अनुसार दवा का छिड़काव हो रहा है।



खेत में दवा का छिड़काव करते किसान।

### दवा का करें छिड़काव

इन दिनों धान की फसलों पर तनाछेदक बीमारी का प्रकोप होने की जानकारी मिल रही है। किसान जरुरत के हिसाब से अपने खेतों में दवा का छिड़काव करें। वहीं किसी तरह की समस्या आने पर संबंधित ग्राम सेवकों से सलाह ले सकते है।

**-ललित मोहन भगत,**
उप संचालक कृषि जांजगीर-चांपा

### बाजार से कीटनाशक दवाई खरीद कर कर रहे छिड़काव

**बहेराडीह।** प्रदेश में एक ओर जहां स्थानीय जिले को कृषि प्रधान जिला कहा जाता है। वहीं दूसरी तरफ धान की खेती सबसे अधिक रासायनिक खाद यूरिया का इस्तेमाल और इसके दुष्परिणाम से फ़सल में अत्यधिक मात्रा में तनाछेदक बीमारी का प्रकोप भी देखीं जाती है। वैसे देखा जाय तो जिले में किसान अपने खेतों में अत्यधिक फ़सल उत्पादन लेने के चक्कर में प्रतिवर्ष रासायनिक खाद यूरिया और डीएपी का अधिक मात्रा में इस्तेमाल करने लगे हैं। जिससे रासायनिक खाद की किल्ल्त होने लगी है। सिवनी के किसान रामाधार देवांगन, बालपुर के किसान भरत श्रीवास, बहेराडीह के किसान मुरित राम यादव ने बताया कि इस समय धान की फ़सल में तना छेदक बीमारी का प्रकोप दिखाई दें रहीं है। जिससे किसान अपने खेतों में लगे धान की फ़सल में लगे तना छेदक इल्ली के नियंत्रण के लिए बजार से कीटनाशक दवाई खरीद कर छिड़काव कर रहें हैं। कृषि विभाग द्वारा किसानों को 50 प्रतिशत छूट पर दी जाने वाली कीटनाशक दवाई का वितरण नहीं किया जा रहा है, जिससे किसानों को बाजार से अधिक दामों पर कीटनाशक दवाई खरीदना पड़ रहा है। बलौदा ब्लॉक के किसानों ने बताया कि कृषि विभाग के द्वारा किसानों को 50 प्रतिशत छूट पर दी जाने वाली कीटनाशक दवाई का वितरण नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण बाजार से अधिक दामों पर कीटनाशक दवाई खरीदना पड़ रहा है। इस संबंध में बलौदा ब्लॉक के वरिष्ठ कृषि अधिकारी एन के दिनकर का कहना है कि इस साल किसानों को रियायती दर पर कीटनाशक दवाई वितरण करने के लिये शासन से अभी तक कोई भी आदेश नहीं आया है।

# कैप्सूल वाहन फंसने से 2 किलोमीटर तक लगा जाम

## आने-जाने वाले लोगों को हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

जैजैपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत मल्दा मुख्य मार्ग पर गड्ढे में कैप्सूल वाहन के फंसने से करीब दो किलो मीटर तक लंबा जाम लगा रहा। इसके चलते आने जाने-वाले लोगों को परेशानी हुई। खास बात यह है कि 24 घंटे बाद भी सड़क पर फंसे कैप्सूल वाहन को नहीं निकाला जा सका है।

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मल्दा में सोमवार 1 सितंबर को रात्रि में कैप्सूल वाहन राज्य मार्ग में बना जानलेवा गड्ढा में फंस गया। रात्रि होने पर ड्राइवर के द्वारा कैप्सूल वाहन नहीं निकाला गया। इसके बावजूद राज्य मार्ग में फंसे कैप्सूल भारी वाहन के बगल में एक ट्रक भी फंस गया। वहीं दूसरे दिन 2 सितंबर दिन मंगलवार को डभरा-चंद्रपुर की ओर 2 किलोमीटर तक वाहनों का लंबा लाइन लगा हुआ है। आने जाने वाले वाहन चालकों को 24 घंटा के बाद भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि यहां के सरपंच प्रतिनिधि राम भगत लाला मित्तल के द्वारा जेसीबी बुलाकर कैप्सूल वाहन के अतिरिक्त उसके बगल में फंसे एक ट्रक को निकलवाया गया। उसके बाद इस मार्ग में एक तरफ से आना-जाना शुरू हुआ, लेकिन जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इस राज्य मार्ग में फंसे वाहन एवं आने जाने वालों की सुध लेने नहीं पहुंचे। राज्य मार्ग में अभी भी ग्राम मल्दा में कैप्सूल वाहन फंसा हुआ है, जिसके कारण आने जाने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 24 घंटा के बाद भी कैप्सूल भारी वाहन को नहीं निकल गया है। आने जाने वाले वाहन चालकों ने इस राज्य मार्ग में बने बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढा को पाटकर राज्य मार्ग की सड़क को मरम्मत करवाने की मांग जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अलावा सक्ती जिला के कलेक्टर से की है।



कैप्सूल वाहन के फंसने के बाद मुख्य मार्ग में लगी वाहनों की लंबी कतार।

# शराब पीने की लिये पैसे की मांग कर मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

ग्राम सांकर में शराब पीने के लिए पैसे की मांगने एवं पैसा नहीं मिलने पर मारपीट कर चोट पहुंचाने के आरोपी को अकलतरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि अमन सारथी निवासी ग्राम सागर 24 अगस्त के दोपहर के लगभग 01 बजे ग्राम सांकर मोड में ठाकुर राम साहू के दुकान के सामने ठाकुर राम साहू एवं ग्राम पोडीदल्हा निवासी नंदू राम सहिस का किसी बात को लेकर ठाकुर राम साहू के दुकान के सामने विवाद और मारपीट हो रहा था। राजेश कुमार सत्यम निवासी ग्राम सांकर के द्वारा दोनों का बीच बचाव कर झगड़ा शांत कराया गया। शाम करीबन 5 बजे प्रार्थी अकलतरा से वापस सांकर जा रहा था तो सांकर मोड के पास ठाकुर राम साहू अपने दुकान के सामने प्रार्थी को दुकान के सामने जाते देखकर बोला कि तुम सही बात को नहीं जान रहे थे और पोडीदल्हा के व्यक्ति नंदू सहिस को बचा रहे थे। ठाकुर राम साहू उसे अश्लील गाली गलौच देने लगा और कहने लगा कि शराब पीने के लिए पैसे दो तभी यहां से जाने दूंगा, जब प्रार्थी ने पैसा देने से मना किया तो फिर ठाकुर राम साहू प्रार्थी को मारपीट करने लगा और अपने दांत से प्रार्थी के बांये हाथ की कलाई के पास काट दिया जिससे खून निकलने लगा, प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 296, 119 (1), 118 (2) बीएनएस का अपराध पंजीवध्द कर विवेचना में लिया गया । प्रकरण की विवेचना दौरान आरोपी ठाकुर राम साहू को हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने एवं अपराध सदर धारा का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा, सउनि अशोक कश्यप, आर. गौकरण राय, राजकुमार पाण्डेय, बसंत साहू का योगदान रहा।

# कृषि अधिकारियों ने किया उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा डेढ़ दर्जन से अधिक उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान एक प्रतिष्ठान को सील बंद की कार्रवाई की गई।

उप संचालक कृषि ललित मोहन भगत की टीम मंगलवर 2 सितंबर को यूरिया उर्वरक को मूल्य से अधिक दर पर वितरण संदेहस्पद पर जिले के डेढ़ दर्जन से अधिक उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। जिले के विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत चांपा में मेसर्स मालीराम ट्रेडिंग कंपनी, दिशा सेल्स चांपा एवं डबल लॉक विपणन केन्द्र चांपा का औचक निरीक्षण किया गया। उप संचालक कृषि ने बताया की निरीक्षण के दौरान मेसर्स मालीराम ट्रेडिंग कंपनी, चांपा के यहा यूरिया निरंक पाया गया तथा संबंधित के यहां 125 बोरी पॉस मशीन में इन्द्राज नहीं होना पाया गया। किन्तु भौतिक रूप में भंडारण पाया गया। जिसका बिल संबंधित द्वारा तत्काल उपलब्ध नहीं कराया जा सका एवं भंडारण स्थल में कीटनाशक दवाओं का प्रिंसिपल सर्टिफिकेट लायसेन्स में इन्द्राज नहीं पाये जाने के कारण संबंधित के फर्म को सीलबंद की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही विकासखंड अकलतरा, पामगढ़ एवं बम्हनीडीह में कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधितों के भंडारगृह में युरिया उर्वरक नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधितों के भंडारगृह में युरिया उर्वरक नहीं पाया गया। उक्त कार्यवाही सितम्बर माह तक जारी रहेगा।



उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते अफसर।

## 10 सूत्रीय मांगों को लेकर केरा रोड स्थित हॉकी मैदान में कर रहे प्रदर्शन

# 16वें दिन भी आंदोलन पर डटे रहे एनएचएम कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

नियमितीकरण समेत अन्य मांगों को लेकर जिले के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्य करने वाले करीब 4 सौ संविदा कर्मचारियों के अनिशिचतकालीन आंदोलन पर चले जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 16वें दिन भी आंदोलन पर डटे रहे।

जिला मुख्यालय जांजगीर के हॉकी मैदान पर सोमवार 18 अगस्त से बेमियादी आंदोलन पर बैठे है। उनके इस आंदोलन से जिला अस्पताल समेत जिले के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा विभागीय कामकाज प्रभावित हो रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने संविदा कर्मचारियों को नियमित करने समेत उनकी अन्य मांगों को लेकर शासन के समक्ष अपनी बात रखी थी। वहीं इस दिशा में उचित पहल नहीं होने पर 18 अगस्त से बेमियादी हड़ताल करने की चेतावनी भी दी थी। इसी कड़ी में प्रदेश संघ के आह्वान पर जिले के एनएचएम संविदा कर्मचारी जिला मुख्यालय जांजगीर के भाठापारा मैदान में एकजुट हुए और यहां धरना प्रदर्शन करते हुए अपने आंदोलन का आगाज किया। उनका आंदोलन मंगलवार 2 सितंबर को भी जारी रहा। जिले के सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा जिला अस्पताल में पदस्थ संविदा कर्मचारियों को कामकाज ठप करके हड़ताल में जाने से सभी जगहों पर व्यवस्था प्रभावित हो रही है। स्वास्थ्य विभाग में जहां एनएचएम के विभागीय कामकाज प्रभावित हो रही है तो वहीं जिला अस्पताल से लेकर ब्लाक मुख्यालयों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक व उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भी कामकाज प्रभावित हो रहा है। एनएचएम संविदा कर्मचारियों की प्रमुख मांगों पर नजर डाली जाए तो 10 लाख का कैसलेस चिकित्सा बीमा, स्थानांतरण नीति, अनुकंपा नियुक्ति, नियमित भर्ती में आरक्षण, मेडिकल व अवकाश की सुविधा, 27 प्रतिशत लंबित वेतन वृद्धि, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, नियमितीकरण, ग्रेड पे का निर्धारण, कार्य मूल्यांकन प्रणाली में पारदर्शिता सहित अन्य प्रमुख मांगे शामिल है।



हॉकी मैदान में अपनी मांगों को लेकर आंदोलन पर डटे एनएचएम कर्मचारी।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3,
बलौदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### मांगों को लेकर शिक्षक कल्याण संघ ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

**कोरबा।** छग राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु शर्मा, प्रदेश महा मंत्री मुकुन्द केशव उपाध्याय ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारे दो सूत्रीय बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मिलकर ज्ञापन सौंपा। पुरस्कृत संघ के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु शर्मा ने माननीय मंत्री जो को बताया कि पुरस्कृत शिक्षकों की सेवानिवृत्ति 62 वर्ष के स्थान पर 65 वर्ष किया जावे। पुरस्कृत शिक्षकों को आउट ऑफ टर्न (पारी बाहर) पदोन्नति दिया जावे। प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने आगे बताया कि मध्यप्रदेश में इस प्रकार की सुविधा बहुत पहले से दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी यह लाभ दिया जाता है तो इसमे किसी भी प्रकार की छत्तीसगढ़ शासन को वित्तीय भार नही आएगा। प्रदेश महामंत्री मुकुन्द उपाध्याय ने कहा कि शिक्षकों को प्रत्येक वर्ष डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य के कारण महामहिम राष्ट्रपति व राज्यपाल के द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। छत्तीसगढ़ शासन से छत्तीसगढ़ राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक कल्याण संघ दो सूत्रीय मांग को पूरा करने की अपील किया गया है।

### भाजयुमो प्रदेश कोषाध्यक्ष ने 7 दिवसीय मेले का किया शुभारंभ



**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अंतर्गत विभिन्न वार्डों व विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग स्तर से गजानंद स्वामी विराजे हुए हैं। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 17 घुड़देवा के दुर्गा पंडाल में श्रीगणेश विराजे हैं, जहां पूर्व पार्षद पवन गुप्ता व घुड़देवावासियों के सहयोग से गणेश चतुर्थी के अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों के लिए मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें विभिन्न प्रकार का झूला लगाया गया है। उक्त मेले का आयोजन 7 दिवसीय के लिए आयोजित किया गया है। जिसका शुभारंभ रविवार को भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा व क्षेत्र के पार्षद श्रीमती रुबी गुप्ता द्वारा फीता काट व श्रीफल तोड़कर किया गया। साथ ही उक्त मेले का आयोजन के लिए पूर्व पार्षद पवन गुप्ता सहित उनके सहयोगियों का सहरानीय पहल बताया। विकास झा ने कहा कि हम सब मिलकर बांकीमोंगरा नगर को सर्वश्रेष्ठ नगर पालिका बनाने का काम करेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक 17 घुड़देवा पार्षद श्रीमती रुबी गुप्ता, पूर्व एल्डरमैन परमानंद सिंह, सुरेश चौधरी, प्रशनना नायक, नितेश गुप्ता, नीरज राज, दीपक राज, मंयक चौहान, राहुल केंवट, शुभम गुप्ता, प्रकाश झा, प्रमोद खांडे, मुकेश झा, अनूपम दास, श्रीमती गौरी केंवट व कई महिलाएं सहित वार्डवासी शामिल रहे।

### पीजी कॉलेज में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमिपूजन

**कोरबा।** शासकीय पीजी कॉलेज में सोमवार को अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष चंद्रलोक सिंह, समिति के सभी सदस्य तथा कॉलेज प्राचार्य की उपस्थिति में भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय परिसर में नए भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को कक्ष संबंधी असुविधा से काफी हद तक राहत मिलेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्रलोक सिंह ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ आगे होने वाले विकास कार्यों को लेकर चर्चा की और बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कॉलेज के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण वातावरण मिल सके।भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनभागीदारी समिति अध्यक्ष चंद्रलोक सिंह, डॉ. एसके गोभिल, सुशील कुमार गुप्ता, संदीप शुक्ला, केएस कंवर, डॉ. आरबी शर्मा, केआर. टंडन, सांसद प्रतिनिधि रवि सोनी, पार्षद राकेश वर्मा, समिति सदस्य विवेक रजवाड़े, राम यादव, युराज चंद्रा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## हाथों में लिए थे तख्ती जिसमें लिखा था न आटा है न दाल

# हड़ताली स्वास्थ्य कर्मियों ने निकाली बाइक रैली



रैली निकालते एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते एक सप्ताह से एनएचएम स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल से ग्रामीण अंचलों की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हो गई है। उप स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से मरीज बैरंग लौट रहे हैं। हड़ताल की इस कड़ी में सोमवार को हड़ताली स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने घंटाघर से बाइक रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

हड़ताली कार्यकर्ता घंटाघर चौक में एक सप्ताह से अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। इस दौरान उनके द्वारा सड़क की सफाई से लेकर आम शहरवासियों से भीख मांगने से लेकर पुतला दहन जैसे चरणबद्ध आंदोलन किए जाते रहे हैं। प्रदेश संगठन प्रभारियों ने भी इनके आंदोलन को धरना स्थल पर आकर संबोधित किया। अपनी नियमितिकरण जैसी प्रमुख मांग को लेकर हड़ताल पर चल रहे एनएचएम स्वास्थ्य कार्यकर्ता भाजपा के घोषणा पत्र को लेकर पॉम्प्लेट बांटने का भी कार्य कर रहे हैं जिसमें मोदी की गारंटी सहित घोषणा पत्र में किए गए वादों को याद दिलाया जा रहा है। हड़ताल में एनएएम से लेकर डाटा एंट्री ऑपरेटर, संविदा डॉक्टर एवं लेखापाल सहित सभी पद के कर्मचारी शामिल हैं। जिनके नियमितिकरण प्रमुख मांग है। इनका कहना है कि पिछले लंबे समय से वह संविदा में ही काम कर रहे हैं जबकि मध्यप्रदेश में नियमितिकरण का काम हुआ है। ऐसे में छग की सरकार विधानसभा चुनाव के पूर्व वायदा किया था जिसपर आज तक कार्यवाही नहीं हो रही है। सोमवार को स्वास्थ्य कर्मियों ने लामबंद होकर एक लंबी बाइक रैली निकाली जो घंटाघर से होकर निहारिक, सुभाष चौक कोसाबाड़ी होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मंच ने किया प्रदर्शन




आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मंच ने भी शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने सहित अन्य मांगों को लेकर आईटीआई चौक में सोमवार को धरना दिया। जिसे मंच के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि बीते लंबे समय से उनसे सभी तरह के शासकीय कार्य कराये जा रहे हैं लेकिन आज तक उन्हें शासकीय कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया गया है। 2 अक्टूबर 1975 को जब से आईसीडीएस की स्थापना हुई तब से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केंद्रों में कार्य कर रही है इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन भी उनके माध्यम से हो रहा है। सेवा करते हुए 50 वर्ष पूरा होने के बाद भी उन्हें न तो शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिया गया है और न ही न्यूनतम मजदूरी, पेंशन, ग्रेज्यूटी समूह बीमा, चिकित्सा जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही है। अभी पारिश्रमिक मानदेय के रुप में कार्यकर्ता को 45 सौ और सहायिका को 2250 रुपए दिया जा रह है।

### ठेका श्रमिकों ने दीपका सायलो को रोकने की दी चेतावनी




एनटीपीसी सीपत बिलासपुर से सैलो दीपका तक कोयला रेल पटरी में गैंगमेन, की मेन, पोलिंग मेन, दाली मेन, गेट मेन के रूप में पिछले 17 वर्षों से कार्यरत हैं जिसका दैनिक वेतन अभी तक ग्रेट सी पे सेमी स्कील्ड में 632/ की दर से मजदूरी दिया जा रहा है। जिसमें भविष्य निधि एसई कटकर कुल माह में 12 हजार से 13 हजार रूपये मिलता है। जिसके खिलाफ श्रमिकों ने दैनिक मजदूरी में बढ़ोतरी के लिये पूर्व में आवेदन दिया जा चुका है उसके बावजूद एनटीपीसी सीपत बिलासपुर प्रबंधन एवं शासन प्रशासन के द्वारा मजदूरी दर में बढ़ोतरी नहीं करने के कारण क्षुब्ध होकर मजदूर 28 अगस्त से अनिश्चितकालीन आंदोलन नेवसा ओव्हर ब्रीज के नीचे शांतिपूर्वक करते हुए चले आ रहे हैं परन्तु एनटीपीसी सीपत बिलासपुर एवं शासन प्रशासन के द्वारा ठेका श्रमिकों की मांगों पर ध्यान नहीं दे रहा है। इसे देखते हुए 3 सितंबर को मालगाड़ी रोकने का काम किया जाएगा।

## एसईसीएल ने अगस्त में दर्ज किया रिकॉर्ड ओबीआर



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल ने अगस्त माह में ओवर बर्डन रिमूवल का नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। अगस्त माह में कंपनी ने 25.17 मिलियन क्यूबिक मीटर का ओबीआर कर स्थापना से अब तक किसी भी अगस्त माह में सर्वोच्च ओबीआर की उपलब्धि दर्ज की है।

अगस्त माह के लिए निर्धारित 21.17 मिलियन क्यूबिक मीटर के लक्ष्य की तुलना में एसईसीएल ने 115.8 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की। वहीं अगस्त 2024 में प्राप्त 13.62 मिलियन क्यूबिक मीटर की तुलना में इस वर्ष उल्लेखनीय 84.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। गौरतलब है कि कोयला उद्योग में ओपनकास्ट खदानों से कोयला निकालने से पूर्व मिट्टी, पत्थर आदि की परतें हटानी पड़ती हैं, जिन्हें ओवरबर्डन कहा जाता है। इस कार्य को ओवर बर्डन रिमूवल कहते हैं। ओबीआर कोयला उत्पादन का एक महत्वपूर्ण निष्पादन मानदंड है क्योंकि इसके माध्यम से भविष्य के उत्पादन हेतु कोयला सीम को तैयार किया जाता है। एसईसीएल द्वारा अपने मेगाप्रोजेक्ट्स में ओबी हटाने के लिए ब्लास्टिंग-रहित रिपर तकनीक के प्रयोग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे सुरक्षित एवं पर्यावरण-हितैषी रूप से ओबी हटाना संभव हुआ है। विदित हो कि एसईसीएल को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 360 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर का लक्ष्य सौंपा गया है, जिसकी ओर कंपनी मजबूती से अग्रसर है।

## उर्वरक विक्रय दुकानों का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



दुकानों का निरीक्षण कर कार्यवाही करते अधिकारी।

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर कार्यालय उप संचालक कृषि कोरबा के जिला स्तरीय टीम द्वारा दुकानों में छापेमारी सतत की जा रही है। सोमवार को कृषि विभाग की टीम द्वारा जिले के खाद दुकानों का निरीक्षण किया। श्याम खाद भण्डार उरगा तथा सोनरक्षा कृषि केन्द्र कुदुरमाल में खाद विक्रय का निरीक्षण में पाया गया कि उक्त दुकानों में वर्तमान स्थिति में खाद का भण्डारण निरंक है। पटेल कृषि केन्द्र में कीटनाशक दवाओं का निरीक्षण किया गया।

उप संचालक कृषि ने बताया कि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 6298.46 मेट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया था जबकि इस वर्ष 2025-26 में 6494.625 मेट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। वर्ष 2025-26 में जिले मे कुल खाद भण्डारण का लक्ष्य 20637 मेट्रिक टन था जिसके विरूद्ध आज की स्थिति में 17007.62 मेट्रिक टन खाद का भण्डारण किया जा चुका है जिसमें से 16270.23 मेट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। जिले में यूरिया खाद मांग के अनुरूप खाद का भंडारण किया जा चुका है जिन स्थानों पर यूरिया खाद उपलब्ध नही है उन स्थानों पर सहकारी समितियों के द्वारा खाद की मांग डी डी जमा किया जा चुका है । शासन से खाद उपलब्ध होते ही समितियों में तत्काल भंडारण किया जायेगा। वर्तमान में नई तकनीकी द्वारा विकसित नैनो यूरिया व नैनो डीएपी का समितियों में भण्डारण 1544 नग (बॉटल) उपलब्ध है जबकि कुल 25246 नग (बॉटल) भंडारण किया गया था जिसमें से कृषकां द्वारा 23702 नग नैनो यूरिया व नैनो डीएपी का उपयोग कर लिया गया है । शासन के दिशा निर्देशानुसार उर्वरक विक्रय हेतु पी.ओ.एस. मशीन की अनिवार्यता एवं निर्धारित दर पर उर्वरकों का विक्रय सुनिश्चित करने हेतु संबंधितो को निर्देशित किया गया है। जिसके कारण उर्वरक का विक्रय एवं उपलब्धता की स्थिति का निरीक्षण जिला स्तर पर लगातार किया जा रहा है अनियमितता पाये जाने पर कार्यवाही किया जा रहा है।

## गौठान में कब्जाकर बना लिया मकान, बेदखली के लिए पंचायत प्रतिनिधि पहुंचे कलेक्ट्रेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व कांग्रेस सरकार के द्वारा ग्रामीण अंचलों में बनाए गए गौठान अब बेजा कब्जा की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। गौठानों की सामनों की चोरी होने के बाद न तो उसकी शिकायत की गई है और न उसके रखरखाव के लिए कोई कार्ययोजना बनी है। ऐसे गौठान अब बेजा कब्जा के भेंट चढ़ते जा रहे हैं। जिसकी बेदखली के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशासन की शरण में आना पड़ रहा है।

ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत गोढ़ी का सामने आया है। जहां के सरपंच, उपसरपंच सहित पंच और ग्रामीण सोमवार को जनदर्शन में कलेक्ट्रेट पहुंचे हुए थे। उन्होंने बताया कि पूर्व कांग्रेस सरकार के समय गांव में गौठान बनाने हेतु ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव पारित कर 3 एकड़ जमीन गौठान निर्माण हेतु तथा 7 एकड़ जमीन चारागाह के लिए प्रशासन को दी थी। जिसमें गौठान का निर्माण कर तमाम तरह की सुविधाएं दी गई थी। सत्ता परिवर्तन के बाद गांव में बने गौठान के उपयोग के लिए जब किसी तरह की प्रशासनिक और शासन स्तर से कोई योजना नहीं बनी तो खाली पड़े जमीन में गांव के ही लोगों के द्वारा गौठान के जमीन में कब्जा किया जा रहा है।

### थैले में मिला नवजात मामला दर्ज

**कोरबा।** पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत डोंगनाला गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक किसान की बाड़ी में काम कर रहे लोगों को अचानक किसी नवजात शिशु के रोने की आवाज सुनाई दी। जब सभी मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक नवजात बच्ची को थैले में बंद कर फेंक दिया गया था। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और नवजात बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल हॉस्पीटल रिफर कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। मामला पाली थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगानाला की है। यहां सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे सत्तेसिंह मरकाम के खेत में नवजात बच्ची के रोने बिलखने की आवाज सुनकर खेत में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक नीले रंग के थैले में एक नवजात बच्ची मिली। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना 108 एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने बच्ची को पाली स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया. घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद नवजात बच्ची को मेडिकल हॉस्पीटल रेफर कर दिया गया है। पाली थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि नवजात बच्ची मिलने के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की तहकीकात शुरु कर दी है।

## नशे और अवैध शराब पर कार्रवाई, 44 आरोपियों से 646 लीटर शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस अवैध शराब के खिलाफ विशेष मुहीम चला रही है और शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है। पिछले 15 दिनों में जिला पुलिस ने 646 लीटर महुआ शराब जप्त कर 44 लोगों को गिरफ्तार किया है।

जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस द्वारा 16 से 31 अगस्त तक पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर तथा समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों के मार्गदर्शन में 15 दिनों में पुलिस ने 646 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की है और 44 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान जिले के विभिन्न थानों एवं चौकियों की पुलिस टीमों द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया। इस सख्त कार्रवाई में कुल 44 मामले दर्ज किए गए। जिसमें थाना पाली में 10 प्रकरण में 139 लीटर शराब, थाना हरदीबाज़ार में 4 प्रकरण में 109 लीटर शराब, थाना कटघोरा में 4 प्रकरण में 102 लीटर शराब, थाना उरगा में 6 प्रकरण में 98 लीटर शराब, थाना दीपका में 10 प्रकरण में 44 लीटर शराब, चौकी कोरबी में 2 प्रकरण में 30 लीटर शराब, थाना बाँकीमोंगरा में 4 प्रकरण में 25 लीटर शराब, थाना बांगो में 2 प्रकरण में 25 लीटर शराब, थाना करतला में 2 प्रकरण, 16 लीटर शराब, थाना सिविल लाइन में 1 प्रकरण में 16 लीटर शराब, थाना कोतवाली में 1 प्रकरण में 13 लीटर शराब, चौकी मानिकपुर में 1 प्रकरण में 14 लीटर शराब, चौकी जटगा में 2 प्रकरण में 8 लीटर शराब, चौकी रजगामार में 1 प्रकरण में 4 लीटर शराब जप्त किया गया है।

## हाथी की दस्तक से रात में पॉवरकट तो दिन में भी नहीं हो पा रही विद्युत आपूर्ति, ग्रामीण हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र में जो हाथी प्रभावित क्षेत्र है हाथी की धमक देते ही पूरी रात सुरक्षा की दृष्टि से बिजली को बंद कर दी जाती है लेकिन वहीं दूसरी ओर सुबह होने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में पीने की पानी की आपूर्ति सहित अन्य काम प्रभावित हो रहे हैं। लगातार स्थिति बिगड़ती ही जा रही है।

**खास बात**

- वनांचल क्षेत्र के जिल्गा बरपाली सहित एक दर्जन गांव हैं प्रभावित




मामला जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर जिल्गा बरपाली क्षेत्र की है यह पूरा इलाका हाथी प्रभावित क्षेत्र है। कोरबा वनमंडल के अंतर्गत आने वाला जिल्गा, बरपाली, कुदमुरा, चचिया, कटकोना, बासिन, तौलीपाली सहित आसपास के एक दर्जन से अधिक गांव हाथी प्रभावित क्षेत्र हैं। इस क्षेत्र में अक्सर हाथियों का आना-जाना लगा रहता है। हाथियों के पहुंचते ही देर शाम को सुरक्षा की दृष्टि से विद्युत वितरण विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति ठप कर दी जाती है लेकिन वहीं दूसरी ओर सुबह होने के बाद भी लगातार विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसके चलते इस क्षेत्र में लगातार समस्या बढ़ती ही जा रही है। हर दूसरे दिन सुबह में भी घंटों विद्युत आपूर्ति ठप होने से क्षेत्र में बसने वाले ग्रामीणों को ना तो पर्याप्त पानी मिल पा रहा है ना ही अन्य सुविधा मिल पा रही है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है।

**समक्ष :- श्रीमान नोटरी ऑफिसर महोदय पामगढ़, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं साहिल कुर्रे उम्र 22 वर्ष आत्मज श्री रोशन लाल कुर्रे जाति- सतनामी साकिन ग्राम-पामगढ़ तह.- पामगढ़ जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) का निवासी हूँ जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ।

1. यह कि मेरे पिता रोशन लाल कुर्रे पिता खीखराम उर्फ़ रामचंद्र कुर्रे जाति- सतनामी निवासी- पामगढ़ के मृत्यु दिनांक 26/12/2022 को पामगढ़ में हुआ है।
2. यह कि मुझे अपने पिता रोशन लाल कुर्रे के मृत्यु का पंजीयन करवाना चाहता हूँ।
3. यह कि मेरे पिता की मृत्यु दिवस की जो तारीख घोषित की गई है सही है समस्त दस्तावेज जो मेरे द्वारा पेश किये गए है वह सभी दस्तावेज सही है, दस्तावेजो में किसी भी प्रकार की गलती पाए जाने पर समस्त सिविल / दांडिक प्रावधानों का भागीदार मैं स्वयं रहूँगा। जिसके संबध में शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**साहिल कुर्रे**
**शपथकर्ता**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र 194 / ब- 121 / 2024-2025
ग्राम- चांपा, तहसील-चांपा
आवेदक ओमप्रकाश उम्र 27 वर्ष पिता श्री बिसौहा देवांगन जाति देवांगन निवासी सुपेला तहसील व थाना भखारा जिला धमतरी (छ.ग.) एवं आवेदिका तुलसी देवांगन उम्र 25 वर्ष पिता श्री शांति लाल देवांगन जाति देवांगन निवासी चांपा तहसील व थाना चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**बनाम**

छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम चांपा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश उम्र 27 वर्ष पिता श्री बिसौहा देवांगन जाति देवांगन निवासी सुपेला तहसील व थाना भखारा जिला धमतरी (छ.ग.) एवं आवेदिका तुलसी देवांगन उम्र 25 वर्ष पिता श्री शांति लाल देवांगन जाति देवांगन निवासी चांपा तहसील व थाना चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपनी दावा / आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 03.09.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 29.07.2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# शाहरुख-रानी ने कुछ कुछ होता है का मोमेंट किया रीक्रिएट

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान ने रानी मुखर्जी के साथ डांस करते हुए एक खूबसूरत वीडियो पोस्ट किया है, जिसे देखकर फैंस नॉस्टाल्जिक हो रहे हैं। उन्होंने फिल्म 'कुछ कुछ होता है' का मोमेंट रीक्रिएट किया, जिसे नेटिजेंस देखते रह गए. वे टीना और राहुल के मोमेंट को जीते दिखे। दोनों सितारे, आर्यन खान की वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड के गाने पर थिरक रहे हैं। जाहिर है कि शाहरुख खान अपने डांस वीडियो के जरिये बेटे आर्यन खान की सीरीज का प्रमोशन कर रहे हैं। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा, 'नेशनल अवॉर्ड, हम दोनों की अधूरी ख्वाहिश पूरी हो गई. शुभकामनाएं रानी, आप क्वीन हो. आपको हमेशा प्यार करता रहूंगा।' दोनों नेशनल अवॉर्ड विनर्स के इस री-यूनियन को देख कई फैंस भावुक हो गए।

लाइफ Style

# रुक्मिणी

## टॉक्सिक और ड्रैगन में भी आएंगी नजर



कन्नड़ सिनेमा की बेहद हसीन एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत के सितारे इन दिनों 9वें आसमान पर हैं। 28 साल की इस हसीना ने छह साल पहले 2019 में एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। अब ऐसा लग रहा है कि वह साउथ सिनेमा की सबसे बड़ी सुपरस्टार बनने की तैयारी में हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

पिछले दिनों ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' में उनकी एंट्री ने सुर्खीयां बटोरी थीं, वहीं अब प्रोड्यूसर एनवी प्रसाद ने खुलासा किया है कि रुक्मिणी यश स्टारर 'टॉक्सिक' और प्रशांत नील-जूनियर एनटीआर की फिल्म 'ड्रैगन' में भी लीड रोल में नजर आएंगी। खास बात यह है कि रुक्मिणी इन दिनों एआर मुरुगदॉस के साथ अपनी फिल्म 'मधरासी' के प्रमोशन में भी जुटी हुई हैं। एनवी प्रसाद ने यह घोषणा शिवकार्तिकेयन और रुक्मिणी स्टाररर तमिल फिल्म 'मधरासी' के प्रमोशन इवेंट में की है। उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस को प्रशांत नील के डायरेक्शन में बन रही जूनियर एनटीआर स्टारर एक्शन ड्रामा 'ड्रैगन' और गीतू मोहनदास निर्देशित 'टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' में भी कास्ट किया गया है। रुक्मिणी वसंत का नाम पिछले कुछ समय से 'एनटीआर-नील' प्रोजेक्ट को लेकर लगातार चर्चा में था। सोशल मीडिया पर इसको लेकर तमाम तरह की रिपोर्ट आ रही थी। हालांकि, निर्माताओं ने इससे पहले कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की थी। यकीनन अगला साल 2026 रुक्मिणी वसंत के लिए बेहद खास होने वाला है। साल 2019 में अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाली रुक्मिणी वसंत 10 दिसंबर 1996 को बेंगलुरु में पैदा हुई हैं। उनकी डेब्यू फिल्म 'बिरबल' थी, जिसमें वह एमजी श्रीनिवास के साथ नजर आईं।

## हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रीट फाइटर में निभा रहे धालसिम का किरदार

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल इन दिनों अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अब अभिनेता ने अपनी हॉलीवुड फिल्म स्ट्रीट फाइटर के कलाकारों के साथ कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में विद्युत सहकलाकारों के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। विद्युत जामवाल फिल्म में धालसिम का किरदार निभा रहे हैं। यह एक आग उगलने वाला आध्यात्मिक योगी का किरदार है, जिसे गेमर्स बहुत पसंद करते हैं। यह किरदार 1991 में रिलीज हुई स्ट्रीट फाइटर 2 के आखिरी दृश्य के दौरान पेश किया गया था।




# इंडियन वेडिंग में अचानक पहुंच गए जस्टिन बीबर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप म्यूजिक सेंसेशन जस्टिन बीबर हाल ही में एक इंडियन वेडिंग में सभी को सरप्राइज देने के लिए पहुंच गए। लॉस एंजिल्स में हुई इस शादी में बीबर बिना किसी को बताए वहां पहुंच गए और दुल्हन को ऐसा सरप्राइज दिया कि सोशल मीडिया पर उनकी चर्चा होने लगी। इस दौरान के वीडियो क्लिप्स और तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें जस्टिन बीबर को दुल्हन और उसकी सहेलियों के बीच पोज देते हुए देखा जा सकता है। जैसे ही वेडिंग सेरेमनी में जस्टिन पहुंचे, दुल्हन खुशी से झूम उठी। उनके चेहरे पर मुस्कान और फैन्स के रिएक्शन ने यह साबित कर दिया कि बीबर की मौजूदगी ने इस शादी को हमेशा के लिए खास बना दिया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दुल्हन ने मजाकिया अंदाज में लिखा- 'अब इसके बाद मैं शादी नहीं कर पाऊंगी।' दुल्हन के इस मजेदार रिएक्शन के बाद सोशल मीडिया पर भी इस पर कई रिएक्शन्स सामने आए।



# मनोज और रामगोपाल लगाएंगे हॉरर-कॉमेडी का तड़का

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की सत्या फिल्म तो आपको याद ही होगी। राम गोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म को बॉलीवुड की कल्ट फिल्म माना जाता है। अब लगभग तीन दशक के बाद एक बार फिर मनोज बाजपेयी और राम गोपाल वर्मा की जोड़ी एक साथ आ रही है। हालांकि, इस बार दोनों की फिल्म का जॉनर एकदम अलग है। लंबे वक्त के बाद मनोज बाजपेयी और राम गोपाल वर्मा एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए फिर से एक साथ वापस आ रहे हैं। इस फिल्म का नाम 'पुलिस स्टेशन में भूत'है। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के अलावा अब अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा भी जुड़ गई हैं। अब फैंस इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। पुलिस स्टेशन में भूत की शूटिंग शुरू हो चुकी है और पहला शेड्यूल भी पूरा हो गया है। फिल्म में हॉरर और कॉमेडी के साथ राम गोपाल वर्मा का कहानी कहने का अलग ढंग इसे और भी खास बनाता है।



# तृप्ति ने शाहिद के साथ किया स्पेन की सड़कों पर सफर

**मुंबई।** शाहिद कपूर ने अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। अभी इस फिल्म के टाइटल का ऐलान नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसका टाइटल रोमियो हो सकता है। शाहिद कपूर ने स्पेन में भी इस फिल्म की शूटिंग की है। इस दौरान उन्होंने तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी के साथ सफर किया है। यह वीडियो वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर अविनाश तिवारी ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी स्पेन की सड़कों पर स्पोर्ट्स कार से सफर कर रहे हैं। शाहिद और अविनाश स्पेन की सड़कों पर तेजी से कार चला रहे हैं। रोड किनारे के दृश्य बहुत बेहतरीन हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी अपने बाल सवांरते नजर आ रही हैं। हाल ही में शाहिद कपूर ने भी सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी थी।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 में इन 5 कंटेस्टेंट्स पर लटकी बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** सलमान खान के चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 19 का दूसरा हफ्ता शुरू होते ही माहौल और गरमा गया है। इस हफ्ते नॉमिनेशन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और घर से बाहर होने की दौड़ में पांच बड़े नाम आ गए हैं। यही नहीं, वीकेंड का वार एपिसोड भी जबरदस्त ड्रामा और टकराव से भरा रहा। भले ही इस हफ्ते कोई घर से बेघर नहीं हुआ हो, लेकिन अगले हफ्ते पांच लोगों पर नॉमिनेशन की तलवार लटक रही है। 'बिग बॉस तक' के मुताबिक इस हफ्ते जिन कंटेस्टेंट्स को घर से बाहर जाने का खतरा मंडरा रहा है, उनके नाम इस तरह हैं-मृदुल तिवारी, आवेज दरबार, कुनिका सदानंद, तान्या मित्तल, अमाल मलिक। ये पांचों कंटेस्टेंट्स फिलहाल दर्शकों के वोट पर निर्भर हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि किसका सफर यहां खत्म होता है और किसे फैंस का साथ मिलता है। घर के पहले कैप्टन के तौर पर चुनी गईं अभिनेत्री कुनिका सदानंद को अब अपने ही साथी घरवालों के विरोध का सामना करना पड़ा। बिग बॉस के मेकर्स की ओर से जारी किए गए प्रोमो में दिखाया गया कि ज्यादातर सदस्यों ने उनकी कैप्टेंसी को खारिज कर दिया।

## अनुपमा सीरियल से होगी देविका की छुट्टी!

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है। रुपाली गांगुली और अद्रिजा रॉय स्टारर टीवी सीरियल के अपकमिंग एपिसोड में आप देखेंगे कि अनुपमा और देविका इतने वक्त बाद मिले होंगे तो वो देर रात तक साथ बैठकर बातें करते रहेंगे। राही और अनुज के अलावा भी तमाम मुद्दों पर बातें हो रही होंगी। इसी बीच अंश आ जाएगा और कहेगा कि मुझे ऐसा लग रहा है कि दो सहेलियां कॉलेज की कैन्टीन में बैठकर बातें कर रही हों। इस पर देविका अंश और बाकी लोगों को बताएगी कि कैसे अनुपमा आज से नहीं, बल्कि कॉलेज के दिनों से डांस रानी रही है। अनुपमा और देविका साथ में डांस करेंगी और बाकी लोग भी एन्जॉय करेंगे। रात ढलेगी और सभी सोने चले जाएंगे, लेकिन अनुपमा और देविका साथ बैठी बातें करती रहेंगी। बातों-बातों में देविका हंसते-हंसते भावुक हो जाएगी और उसकी आंखों में आंसू आ जाएंगे। अनुपमा और देविका एक दूसरे के गले लग जाएंगे। अनुपमा अपनी दोस्त से भावुक होने की वजह पूछेगी। इस पर देविका उसके गले लगी रहेगी और कहेगी कि पहले ठीक से गले लग जाने दे यार, पता नहीं फिर यह मौका मिले ना मिले।



# आराध्या के साथ गणपति दर्शन के लिए पहुंची ऐश्वर्या



**मुंबई।** बॉलीवुड के कई कलाकार इन दिनों गणेश चतुर्थी के जश्न में डूबे हुए हैं। हाल ही में ऐश्वर्या राय अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई में जीएसबी गणपति समारोह में शामिल हुईं। दोनों की कई तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं। ऐश्वर्या इन दिनों अक्सर अपनी बेटी के साथ नजर आती हैं, चाहे कोई खुशी का मौका हो या फिर कोई कार्यक्रम। एक वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि ऐश्वर्या अपनी बेटी आराध्या के साथ गणेशोत्सव पंडाल में भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने पहुंची। मां-बेटी की इस जोड़ी ने मुस्कुराते हुए फैंस का अभिवादन किया और पंडाल में प्रवेश करने से पहले कुछ सेल्फी लेने के लिए रुकीं। उन्हें देख कर उनके फैंस काफी खुश हुए। ऐश्वर्या राय सफेद ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं, जिसके साथ उन्होंने लाल लिपस्टिक और छोटी सी बिंदी लगाई थी। आराध्या पीले कुर्ते में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। आराध्या ने बहुत ही शालीनता के साथ पंडाल में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। दोनों ने पंडाल में हाथ जोड़कर तस्वीरें भी खिंचवाईं। हालांकि, दोनों के साथ अभिषेक बच्चन समारोह में शामिल नहीं हुए। खबरों के मुताबिक ऐश्वर्या नियमित रूप से भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने के लिए जीएसबी गणपति समारोह में शामिल होती हैं।

# ढोल-नगाड़ों के साथ बप्पा को किया विदा



**मुंबई।** गणपति बप्पा के स्वागत से लेकर विदाई तक का हर क्षण बॉलीवुड के सितारों के लिए भी बेहद खास होता है। इस बार भी भाईजान सलमान खान ने अपनी फैमिली संग धूमधाम से गणपति विसर्जन किया। हर साल की तरह इस बार भी उनकी छोटी बहन अर्पिता खान शर्मा ने बप्पा को अपने घर पर विराजित किया और पूरे खान परिवार ने मिलकर बप्पा के स्वागत और विदाई की रस्में निभाई। अब सलमान ने इस दौरान का एक नया वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। सलमान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो अपने परिवार के साथ बप्पा को विदा करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान सलमान खूब मस्ती कर रहे हैं। उन्हें डांस करते हुए भी देखा जा रहा है। वीडियो के कैप्शन में अभिनेता ने लिखा है- गणपति बप्पा मोरया। विसर्जन के दौरान जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। हल्की बारिश के बावजूद खान फैमिली के चेहरे पर खुशियां साफ झलक रही थीं। इस दौरान सलमान ने अपनी भांजी आयत को गोद में उठाया और जमकर मस्ती की। इस जश्न में अर्पिता के पति आयुष शर्मा भी शामिल रहे, जिन्होंने बप्पा की मूर्ति को विसर्जन के लिए लेकर गए। खान फैमिली के युवा सदस्य भी पीछे नहीं रहे। सलमान की भतीजी अलीजेह अग्निहोत्री, भतीजे अरहान, निर्वाण और अयान अग्निहोत्री ने बप्पा को नाचते-गाते हुए विदा किया।

## मनोरंजन के शौकीनों के लिए है इस बार कुछ दिलचस्प

# इस सप्ताह ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्म-सीरीज

एजेंसी ⏭ मुंबई

सिनेमाघरों में इन दिनों वॉर 2, कुली और परम सुंदरी सजी हुई हैं। मगर, ओटीटी का दर्शकों के बीच अलग क्रेज है। हर नए सप्ताह मनोरंजन के शौकीनों का सवाल होता है कि ओटीटी पर इस बार क्या खास आ रहा है? इस बार काफी कुछ दिलचस्प है। पिछले दिनों थिएटर में दस्तक दे चुकीं कुछ फिल्में इस हफ्ते रिलीज हो रही हैं, तो कुछ नई फिल्में भी दर्शकों के बीच पहुंच रही हैं।


### वेडनेसडे सीजन 2

हॉरर सीरीज वेडनेसडे सीजन 2 का पहला पार्ट अगस्त में रिलीज हुआ था। इस सीरीज में कुल छह एपिसोड हैं। अब इस सीरीज का दूसरा पार्ट इस हफ्ते रिलीज हो रहा है। वेडनेसडे सीजन 2 का पार्ट 2 नेटफ्लिक्स पर 3 सितंबर से स्ट्रीम होगा। इसमें दो एपिसोड होंगे।

### आंखों की गुस्ताखियां

विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की फिल्म आंखों की गुस्ताखियां सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज होने वाली है। यह फिल्म जुलाई में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। शनाया की यह डेब्यू फिल्म है। अब 5 सितंबर से इसे ओटीटी पर देखा जा सकता है। यह फिल्म जी5 पर स्ट्रीम होगी।





### द पेपर'-'टास्क

इसके अलावा अमेरिकी वेब सीरीज द पेपर भी इस वीक रिलीज होगी। यह जियो हॉटस्टार पर 5 सितंबर से स्ट्रीम होगी। इस सीरीज को ग्रेग डेनियल और माइकल कोमन ने बनाया है। अमेरिकन एक्टर मार्क रुफ्फालो की क्राइम ड्रामा टास्क भी इस हफ्ते की लिस्ट में है। यह 7 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।



### मालिक

राजकुमार राव अभिनीत फिल्म मालिक भी इस वीक ओटीटी पर आ रही है। यह एक क्राइम-थ्रिलर फिल्म है, जो 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 5 सितंबर से यह फिल्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। राजकुमार राव के अलावा फिल्म में मानुषी छिल्लर लीड रोल में हैं।

### इंस्पेक्टर झेंडे

मनोज बाजपेयी और जिम सर्भ अभिनीत फिल्म इंस्पेक्टर झेंडे भी इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देगी। यह फिल्म 5 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगी। फिल्म में मनोज बाजपेयी पुलिस वाले के किरदार में नजर आएंगे। वे मधुकर बापूराव झेंडे के रोल में होंगे, जो फरार किलर (जिम सर्भ) को पकड़ने निकलते हैं।

### जूनियर

साउथ फिल्म जूनियर भी इस वीक रिलीज होने वाली है। कीर्ति रेड्डी और श्रीलीला अभिनीत यह फिल्म 5 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि इस फिल्म में जेनेलिया देशमुख भी हैं।


मां मईनका दाई मंदिर परिसर पामगढ़ में विराजे भगवान गणेश।


श्री श्रीगणेश उत्सव समिति थाना के पास पामगढ़।

श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन

# संतान का सही लालन-पालन आज के दौर की बड़ी चुनौती: पं. मेहता

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय उद्योगपति सज्जन अग्रवाल द्वारा पितृमोक्षार्थ गयाश्राद्धान्तर्गत हेतु अपने निवास स्थान पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तृतीय दिवस अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवत कथा वाचक व जीवन प्रबंधन गुरू पं. विजय शंकर मेहता ने जड़ भरत, अजामिल प्रसंग तथा प्रहलाद नरसिंह अवतार पर अपना व्याख्यान देते हुए कर्म व संतान पर केन्द्रित जीवन के सूत्रों की व्याख्या की।

सायं 4 बजे से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर उन्होंने कहा कि संतान का सही तरीके से लालन-पालन कर उन्हें योग्य बनाना आज के दौर की सबसे बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से निपटने के लिए माता-पिता को स्वयं संस्कारित होना होगा। गर्भाधान के समय से लेकर प्रसवकाल तक स्त्रियों के भीतर जो भी चल रहा होगा उसका सीधा प्रभाव होने वाली संतान पर पड़ता है। संतान की उत्पत्ति तथा उसके पालन में माता-पिता को सदैव होश में रहना होगा। अपने आप को व अपने बच्चों को इस प्रकार योग्य बनायें यह हमें भरत के चरित्र से सीखना होगा। हम कितने ही बुद्धिमान हो जायें, जड़भरत बने रहना चाहिए। जड़भरत होना भी एक गुण है। जड़ का मतलब मूर्ख होना नहीं वरन निष्काम होना है। अजामिल की कथा के माध्यम से उन्होंने बताया कि हम क्या देखें, और कितना देखें इसके प्रति अत्यधिक सावधान रहना होगा। दृष्टि का नियंत्रण मनुष्य को ब्रम्हाचर्य प्रदान करता है वहीं कुदृष्टि पतन का कारण भी बन सकती है। प्रहलाद चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि परमात्मा के प्रति आसक्ति मनुष्य को सारे संकटों से मुक्त कर महान बना सकती है। इसलिए होशपूर्वक जीवन में जब भी, जो भी काम करे भगवान का नाम लेते रहे। पं. मेहता ने कहा कि जब भी किसी स्त्री के जीवन में उसके मायके का हस्तक्षेप बढ़ता है तब-तब महाभारत की स्थिति उत्पन्न होती है। गांधारी और मंथरा इसके सीधे उदाहरण है। गांधारी के 100 पुत्र थे लेकिन संस्कारवान न होने के कारण वे सभी महाभारत के युद्ध में कालकवलित हो गये जबकि कुंती के पांचों पुत्रों का साथ स्वयं भगवान श्री कृष्ण ने उनके सारथी होकर दिया। उन्होंने आज के इंटरनेट के दौर को बच्चों के कुसंस्कारित होने की सबसे बड़ी वजह बताते हुए कहा कि माता-पिता को उन्हें संस्काररूपी छाता प्रदान कर इस इंटरनेट की बारिश से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि व्यक्ति में चतुराई के साथ-साथ संस्कार भी होने चाहिए वरना चतुराई के साथ संस्कार न होने पर वह कुटिल हो सकता है। कथा विश्राम के पश्चात भागवत पुराण की आरती की गई। इसके बाद नारायण सेवा संस्थान उदयपुर से आये एश्वर्य त्रिवेदी ने बताया कि भागवत कथा का प्रसारण संस्कार टी.वी. के सत्संग चैनल के माध्यम से 152 देशों में किया जा रहा है। इसके माध्यम से नारायण सेवा संस्थान को प्रतिदिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक सहयोग प्राप्त हो रहा है जो विकलांग बच्चों के उपचार और उनकी सेवा में व्यय किया जाता है। आज की कथा श्रवण के लिए छ.ग. राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष महामण्डलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास, मीडिया प्रभारी निर्मलदास वैष्णव, कमलेश सिंह बाबा, चांपा सेवा संस्थान के अध्यक्ष मनोज मित्तल, लीलाधर सुल्तानिया, शंकर अग्रवाल, कमल अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, अजय बंसल, विजय बंसल, शीतल केडिया, पवन सोमानी, राजेन्द्र केडिया, विपेन्द्र अग्रवाल, सत्यनारायण गर्ग, डॉ. के.पी. राठौर, श्रीमती शशि राठौर, डॉ. संतोष अग्रवाल, डॉ. योगेन्द्र शर्मा, श्रीमती स्वाति शर्मा, गिरधारी अग्रवाल, संतोष सोनी, रामप्रपन देवांगन, खूबचंद देवांगन, श्रीकांत बुधिया, राजकिशोर देवांगन, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, अशोक मोदी, आशुतोष शर्मा, दिलीप मीरचंदानी, राजेश लालवानी, शिव बिंदल, गंगाराम चंदानी, दिनेश अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल के अलावा आयोजक अग्रवाल परिवार से सज्जन अग्रवाल, श्रीमती किरण अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, प्रवीर अग्रवाल, निकेत अग्रवाल, श्रीमती उषा अग्रवाल, श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल, सिद्धार्थ, पूजा, विशाल, तृप्ति सहित बड़ी संख्या में नगर तथा आसपास से आये गणमान्य नागरिक मौजूद थे।


व्यास पीठ से कथा श्रवण कराते पं. विजय शंकर मेहता।



# प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को साल में तीन बार करना चाहिए रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

वेल विशर फाउंडेशन व स्वास्थ्य विभाग अकलतरा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रक्तदान शिविर का आयोजन जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज बर्मन व ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर महेंद्र सोनी के आतिथ्य में किया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी श्री बर्मन ने सम्बोधित करते हुए कहा कि वेल विशर फाउंडेशन द्वारा लगातार अच्छे कार्य कर रही है। डॉक्टर महेंद्र सोनी ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को साल में कम से कम तीन बार रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से हमारे शरीर को बहुत से फायदे होते है। वेल विशर फाउंडेशन द्वारा रक्तदान के क्षेत्र जागरूकता लाई है। शिविर से सिकलिंग, थैलेसीमिया मरीजों को मुफ्त में ब्लड उपलब्ध कराई जाएगी।संस्था के सदस्य दीपक साहू ने बताया कि आज रक्तदान शिविर में 31 रक्तवीरो ने रक्तदान किया गया। सभी रक्तवीरो को यातायात सुरक्षा जागरूकता हेतु हेलमेट देकर सम्मानित किया गया।रक्तदान शिविर में वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह, सचिव चिराग शर्मा, कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह, सदस्य सौरभ सिंह, दीपक साहू, मोहन कश्यप, सतीश मानिकपुरी, श्रीपाल सिंह, शरद सिंह का योग दान रहा।दिलेश्वर साहू, ईश्वर साहू, छोटू कश्यप, पारस साहू,रवि निर्मलकर,प्रदीप विश्वास, दीपपाल साहू,उपिस्थत थे।कई बार रक्तदान कर लोगो के लिए मिशाल बनेः- रक्तदान शिविर में पारस साहू ने 20 वीं बार रक्तदान किया वहीं, दिलेश्वर साहू, शरद सिंह, प्रदीप विश्वास, सोमी अग्रवाल, अभिजीत सोनवानी जैसे रक्तदाता जिन्होंने 15 बार से अधिक बार मतदान कर समाज के लिए रक्तदान के क्षेत्र में मिशाल बने।

■ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 31 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

## खबर संक्षेप

### डोल ग्यारस का पर्व आज, भगवान को कराया जाएगा नौका विहार

**शिवरीनारायण।** श्री शिवरीनारायण मठ में डोल ग्यारस का पावन पर्व 3 सितंबर तदनुसार भाद्रपद शुक्लपक्ष एकादशी को श्रद्धा भक्ति पूरा मनाया जाएगा। शाम 4 मठ से शोभा यात्रा महानदी त्रिवेणी संगम तट तक निकाली जाएगी। पूजा अर्चना एवं नौका विहार के पश्चात भगवान पुनः मठ में विराजित होंगे। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि वे 2 सितंबर को दोपहर 2 बजे श्री दूधाधारी मठ रायपुर से रवाना होकर कोरबा रोड चांपा में अग्रवाल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित होंगे। उनका रात्रि विश्राम शिवरीनारायण मठ में होगा। डोल ग्यारस(जल झूलनी एकादशी) के पर्व पर शोभा यात्रा में सम्मिलित होंगे।



### मारवाड़ी महिला जागृति मंच का हुआ पुनर्गठन



**बलौदा।** मारवाड़ी महिला जागृति मंच का पुनर्गठन नगर के अग्रसेन भवन में हुआ। इस दौरान चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से श्रीमती पायल गोयल को अध्यक्ष एवं श्रीमती श्वेता गोयल को सचिव की जिम्मेदारी दी गई। अग्रसेन भवन में मारवाड़ी महिला जागृति मंच का पुनर्गठन हुआ। मारवाड़ी समाज की समस्त महिलाओं के आपसी सहमति के बाद अध्यक्ष श्रीमती पायल गोयल, उपाध्यक्ष पद श्रीमती रुचि गोयल, कोषाध्यक्ष श्रीमती आदिति मित्तल एवं सचिव के लिए श्रीमती श्वेता गोयल का सर्वसम्मति से चयन हुआ। इस चयन प्रक्रिया में मारवाड़ी महिला समिति से श्रीमती सीमा गोयल, नम्रता गोयल, ज्योति भोजासिया, रिंकी भोजासिया, प्राची गोयल, चंचल मित्तल, कुसुम गोयल, शालू भोजासिया, निशा भोजिया, अंकिता गोयल, महिमा गोयल, मेघा गोयल सहित मारवाड़ी महिला जागृति मंच के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थी।

### लायंस स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह 5 को

**चांपा।** स्थानीय लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल में लायंस क्लब चांपा द्वारा शुक्रवार 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह को आयोजन दोपहर 2 बजे से किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब के सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने बताया कि सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि नगर के सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट पवन कोसमा तथा विशिष्ट अतिथि कार्यपालिक मजिस्ट्रेट प्रशांत पटेल होंगे। समारोह में विशेष रूप से विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल मौजूद रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी करेंगे। समारोह में लायंस क्लब के सभी सदस्यों, शिक्षकों सहित नगर के सेवानिवृत्त शिक्षकों तथा लायंस क्लब के सदस्यों के अलावा आमंत्रितों से उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

### आईटीआई खरौद में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का हुआ आयोजन

**खरौद-तनौद।** आईं टी आई खरौद में 29 अगस्त को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत के हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई जाती है। साथ ही वर्ष 2019 से प्रधानमंत्री के द्वारा 29 अगस्त को ही फिट इंडिया मूवमेंट का शुभारंभ भी किया गया था। इसी कड़ी में आई टी आई खरौद में तीन दिवसीय 29 अगस्त से 31 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया गया। सुबह 9:30 बजे से शुरू होने वाले इन आयोजनों में स्थानीय स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ, फिटनेस टॉक, वाद-विवाद एवं साइकिल रैली जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल था। इस कार्यक्रम में 29 अगस्त को में सुबह की असेंबली में मेजर ध्यानचंद को श्रध्दांजली, फिट इंडिया शपथ और 60 मिनट के स्थानीय स्तर पर प्रचलित आउटडोर खेल एवं मनोरंजन गतिविधियां का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर इस कार्यक्रम में संस्था के प्रशिक्षण अधिकारी हरियर पाटले, विष्णु कश्यप, लकेशश्वर राठौर, ओमशंकर देवांगन उपस्थित रहे।



# पटवारी स्कूलों में जाकर जाति प्रमाण पत्र के कार्यों में लाएं तेजी : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

## लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार 2 सितंबर को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को अपने क्षेत्र के पटवारियों को स्कूलों में भेजकर पात्र स्कूली छात्र छात्राओं के जाति प्रमाण बनाए जाने के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने राजस्व विभाग के ई-कोर्ट न्यायालयो में प्रकरणों के निराकरण की स्थिति, डिजिटल क्रॉप सर्वे, एग्रीस्टेक के माध्यम से किसान पंजीयन एवं फार्मर आईडी निर्माण की स्थिति सहित तहसीलवार अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरीफ वर्ष 2025 हेतु खाद भंडारण एवं वितरण की स्थिति, बारदाना संग्रहण, विभिन्न विभागों के लंबित पेंशन प्रकरणों के अद्यतन स्थिति सहित अन्य कार्यो की विस्तारपूर्वक जानकारी ली तथा तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा पंचायत विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जनचौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। समय सीमा की बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम डभरा बालेश्वर राम, एसडीएम सक्ती अरुण कुमार सोम, एसडीएम मालखरौदा रूपेंद्र पटेल, जिला कोषालय अधिकारी उपेन्द्र पटेल सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

## जनदर्शन में सुनी आमजनों की विभिन्न समस्याएं

जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी गई। जनदर्शन में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा और सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनदर्शन में तहसील जैजैपुर अंतर्गत ग्राम दतौद निवासी सुश्री उषा बाई (सरपंच) ने ग्राम दातौद के वार्ड नंबर 09 में मेन गली में अवैध बाउंड्री और नींव निर्माण को हटाने के सम्बन्ध में, तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम छुछुभांठा निवासी श्रीमती गायत्री सिदार ने अपने पति की नदी में डूबने से हुई मृत्यु पर आरबीसी के अंतर्गत अनुदान राशि दिलाने के सम्बन्ध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम लवसरा निवासी धनीराम पटेल ने सीमांकन होने के बाद भी बलपूर्वक जबरदस्ती मारपीट करने के सम्बन्ध में आवेदन दिया।

# ब्लॉक स्तरीय नारी जागरण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम पंचायत अकलतरी के साहू सामुदायिक भवन में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय नारी जागरण कार्यशाला आयोजित की गई। यह आयोजन अखंड ज्योति के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ मां गायत्री तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ शांतिकुंज प्रतिनिधि श्रीमती पूर्णिमा श्रीवास एवं चंद्रकांति वर्मा द्वारा किया गया।

नारी सशक्तिकरण का एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन और प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नारी सशक्तिकरण और गुरुदेव के सपनों को साकार करना था। कार्यशाला में महिलाओं ने व्यसन मुक्ति, कन्या कौशल शिविर, बाल संस्कार शाला, किशोर संस्कार शाला, युवा जागरण शिविर, पर्यावरण संरक्षण, मंत्र लेखन, विद्या आरंभ संस्कार, वृक्षारोपण और संस्कार निर्माण जैसे कार्यों में भाग लेने का संकल्प लिया। इस दौरान आगामी 7 से 13 अक्टूबर तक ग्राम अकलतरी में सात दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा एवं 9 कुंडिय गायत्री महायज्ञ के संबंध में चर्चा किया गया।कार्यशाला में रेखा नोनिया, अलग देवी साहू, सावित्री कश्यप, प्रभात साहू, प्रभा साहू, लता साहू, इंदु लता साहू ,अंजलि साहू, खेलन कश्यप, जिला संयोजक बिहारी लाल ताम्रकार, जिला सह संयोजक महेश्वर कश्यप, पुर्णेंद्र सिंह राणा ,नरेंद्र साहू, डिगपाल साहू ,दीपक साहू, लक्ष्मी साहू,जीतराम साहू ,समेलाल साहू , चंद राम, कालेश्वर, जगेश्वर, गोरेलाल, प्रदीप दुबे, धनंजय श्रीवास , गोवर्धन कश्यप, विसुन यादव के अलावा बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं लोगों ने भाग लिया।


अकलतरी में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित गायत्री परिवार के लोग।

# स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

एनएसएस इकाई विद्यानिकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत ग्राम पंचायत सेमरिया में 31 अगस्त रविवार को एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच श्रीमती निर्मला कमल साहू द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच राजकुमार साण्डे, सुमान साहू, कीरित राम साहू, कोविंद साहू, संतराम मौजूद रहे।

विद्यालय परिवार की ओर से नरेंद्र कुमार पांडेय,संचालक विद्या निकेतन एवं ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़, अशोक कुमार मिरे प्राचार्य, अखिल शुक्ला विभाग प्रमुख, आशीष जायसवाल, तुलसी यादव , वीरेंद्र कुमार खुटे, रुक्मणी बरेठ, प्राची अवस्थी, राधिका केवट विजय जांगड़े, ममता , पूजा साहू उपस्थित थे। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी के रूप में सुरेश साहू, सह कार्यक्रम अधिकारी अंकित तिवारी नेहा खरे की देखरेख में एक दिवसीय शिविर संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का आरंभ स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया तत्पश्चात स्वयंसेवकों के दल द्वारा मंदिर परिसर सड़क मार्ग ग्राम पंचायत आदि जगह पर सफाई अभियान चलाया गया। ग्रामीणों को जागरूक करने हेतु रैली निकाली गई जिसमें युवाओं द्वारा नवयुग का संदेश दिया गया और समाज से यह अपील की गई की स्वच्छता से बड़ा कोई धन नहीं इसीलिए हम सभी को अपने घर के समान गांव को भी साफ सुथरा रखना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में आदरणीय विभाग प्रमुख द्वारा समस्त ग्राम जनों का आभार व्यक्त किया गया।

■ सेमरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक दिवसीय शिविर आयोजित



रैली निकालते स्वयं सेवक।

## डीडीएस स्कूल में छात्र-छात्राओं को दी गई साइबर सुरक्षा से बचाव की जानकारी

# अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सभी को रहना होगा सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में स्कूल व सभी बैक प्रभारी की संयुक्त तत्वावधान में साइबर जागरूकता अभियान का पुलिस निरीक्षक जयकुमार साहू, जनपद सदस्य रितेश रमणसिह सिंह, सरपंच प्रतिनिधि एकादशियां साहू, प्रभारी प्राचार्य राकेश साहू, व्याख्याता श्रीमती लक्ष्मी खुंटे की उपस्थिति में हुआ।

बच्चों को संबोधित करते हुए पुलिस निरीक्षक जयकुमार साहू ने कहा कि आजकल साइबर के बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सभी को सतर्क होनी चाहिए ताकि किसी भी फ़्राड़ से लोगों को बचा जा सके वहीं साईबर के कारण बैक के लिए फर्जी काल मोबाईल नंबर पर आ रहे हैं ऐसे फर्जी मोबाईल नंबर से किसी भी को अपने खाता मोबाईल नंबर की जानकारी नहीं देनी चाहिए ताकि आप फ्राड़ से बच सकते हैं तथा किसी भी अजनबी का फोन नंबर आने पर फोन रिसीव नहीं करनी चाहिए। साथ ही बच्चों को मोबाइल नहीं चलाने चाहिए ताकि बच्चे किसी बुरी संगत में नहीं पड़ना चाहिए जिससे बच्चे के भविष्य पर साइबर अपराध से बचा जा सके। जनपद सदस्य रितेश रमणसिह सिंह ने कहा कि बच्चों को समय समय पर पुलिस के व्दारा साइबर अपराध से बचने के लिए बच्चों को जानकारी दी जा रही है ताकि होने वाले घटना से बचा जा सके। वहीं प्रभारी प्राचार्य राकेश साहू सरपंच प्रतिनिधि एकादशियां साहू ने अपना विचार व्यक्त किया। इस मौके पर श्रीकांत राठौर, श्रीमती संगीता कश्यप, अनिता टोप्पो, सुशील नेताम, मुकुंद कृष्ण पांडेय, सतीश मैत्री, गोपाल कश्यप, कमला प्रसाद आदित्य, राधे केशवानी, छोटे लाल केंवट, बुद्धेश्वर देवांगन, विमला चौहान, छत बाई कर्ष के अलावा पुलिस सोनहत जगत, लक्ष्मी कश्यप, रघुवीर यादव, दिलीप कश्यप के विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



छात्र- छात्राओं को जानकारी देते थाना प्रभारी।

